दैनिक **प्रातः कालीन** **हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र**

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com



वर्ष :- 03 अंक :- 06 मुरादाबाद, 26 April 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# हाईस्कूल में लड़कियों ने फिर मारी बाजी, सीतापुर की प्रियांशी पहले स्थान पर

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया। जिन छात्रों ने इस साल परीक्षा में हिस्सा लिया थामाध्यमिक शिक्षा मंत्री ने बोर्ड परीक्षा के सफल विद्यार्थियों को दी बधाई, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) गुलाब देवी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2023 की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाओं में सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की। मेधावी छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इसी तरह कठिन परिश्रम कर आने वाली परीक्षाओं में अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करें। मंत्री ने शिक्षकों को भी उनकी मेहनत के लिए शुभकामनाएं दी

## राज्यपाल ने बोर्ड परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को दी बधाई

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2023 की हाईस्कूल व इंटर परीक्षा में सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की मंगलकामना की है। राज्यपाल ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है और सभी विद्यार्थी आगे भी ऐसा प्रदर्शन जारी रखेंगे।

## मुख्यमंत्री योगी ने ट्वीट कर दी बधाई

यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सीएम योगी ने ट्वीट कर बधाई दी। उन्होंने लिखा, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों व गुरुजनों को हृदय से बधाई। आप सभी %नए उत्तर प्रदेश% के स्वर्णिम भविष्य के आधार स्तंभ हैं। मां सरस्वती की कृपा से आप सभी का भविष्य उज्वल हो, यही कामना है। यह पहली बार है यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम परीक्षाएं खत्म होने के महज 67 दिनों बाद ही घोषित कर दिया गया। यह 100 वर्षों में पहली बार हुआ है जब इतनी जल्द परिणाम घोषित किया गया है। गोंडा जिले में हाईस्कूल में प्रदेश की टॉप-10 सूची में दो छात्राओं और एक छात्र ने शामिल होकर जिले का मान बढ़ाया है। जबकि इंटरमीडियट की टाप-टेन सूची में एक छात्रा ने स्थान बनाया है। जिले में हाईस्कूल का परिणाम 93.38 फीसदी तो इंटर का परिणाम 72.44 फीसदी रहा। हाईस्कूल में प्रदेश की टॉप-10 सूची में सातवें स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर मालवीयनगर के छात्र रचित शुक्ला ( 97 फीसदी ) रहे। रचित ने 600 पूर्णांक में 582 अंक हासिल किया है। नौंवे स्थान पर किसान इंटर कॉलेज पिपरा स्माइल की तृप्ति मिश्रा ( 96.67 फीसदी ) हैं। उन्हें 600 में 580 अंक मिले हैं। इटियाथोक स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा प्रतिमा द्विवेदी ( 96.5 फीसदी ) ने दसवां स्थान प्राप्त किया है। प्रतिमा ने 600 में 579 अंक अर्जित किये हैं। इंटरमीडियट के परीक्षा परिणाम में प्रदेश की टॉप-10 सूची में एसबीएम गर्ल्स इंटर कॉलेज परसपुर की छात्रा अवंतिका सिंह ( 96 फीसदी ) ने आठवां स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। अवंतिका को 500 पूर्णांक में 480 अंक मिले हैं।प्रिंसी उपाध्याय बनीं बलरामपुर की टॉपर- हाईस्कूल में बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज की प्रिंसी उपाध्याय ने 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया। इंटरमीडिएट में बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज के आशीष कुमार कसौंधन ने 95.20 प्रतिशत अंको के साथ जिले में पहला स्थान हासिल किया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में इस बार जिले के 34017 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। हाईस्कूल में 20475 तो वहीं इंटरमीडिएट में 13043 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इस बार हाईस्कूल में 600 में 574 अंक लाकर प्रिंसी उपाध्याय ने टॉप किया। वहीं 572 अंक पाकर बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज के आनंद मिश्र ने दूसरा स्थान हासिल किया है।हाजी इस्माइल इंटर कॉलेज सादुल्लाहनगर के पंकज कश्यप, बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज के अमन गुप्ता व स्कालर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला की शिखा भट्ट ने 568 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट में बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज के छात्र आशीष कुमार कसौंधन ने 500 में 476 अंक पाकर जिला टॉप किया। बलरामपुर माडर्न इंका की अंशिका पांडेय को 471 अंक मिले। वह जिले में दूसरे स्थान पर है। स्कालर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला के मोहम्मद अरशल ने 468 अंक पाकर जिले में तीसरा स्थान हासिल किया।

लखनऊ के टॉपर, अवध कॉलेज के छात्र श्रीकांत यादव ने 10वीं की परीक्षा में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बाल निकुंज इंटर कॉलेज के अंशित पटेल ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बाल निकुंज इंटर कॉलेज के शहान अंसारी ने हाईस्कूल की परीक्षा में 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।हाईस्कूल में अश्वनी तो इंटरमीडिएट में अर्चिता ने किया जिला टॉप बहराइच जिले में हाईस्कूल में सराय मेहराबाद के डॉ. आरएमएलबीएसएस स्कूल के अवश्नी कुमार वर्मा ने 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया। वहीं इंटरमीडिएट में बाल शिक्षा निकेतन की अर्चिता यज्ञसैनी ने 95.60 प्रतिशत अंको के साथ जिले में शीर्ष पर रही। जिला टॉप करने पर दोनो मेधावियों को उनके परिजनों ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहीं प्रियांशी सोनी आईएएस बनना चाहती हैं। प्रियांशी जब नौ साल की थीं तो उनके पिता का निधन हो गया था। बड़े भाई शोभित सोनी ने उसकी पढ़ाई का इंतजाम करवाया। शोभित ज्वैलरी शॉप चलाते हैं। प्रियांशी का कहना है कि वह सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करती हैं। कोई कोचिंग-ट्यूशन की मदद नहीं ली।यूपी बोर्ड परीक्षा में अंबेडकरनगर जिले के तीन विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में स्थान बनाया है। इंटरमीडिएट में डा. अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज अकबरपुर के छात्र सक्षम तिवारी को प्रदेश की मेरिट सूची में चौथा स्थान मिला है। उन्होंने 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

कुल 600 अंकों में से उन्हें 585 अंक प्राप्त हुए हैं। चित बहाल बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर की छात्रा श्रेया मिश्रा ने प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया है है। उन्हें कुल 97.3 प्रतिशत अंक मिले हैं।पीलीभीत के बीसलपुर निवासी छात्र सौरभ गंगवार ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में दूसरी रैंक प्राप्त की है। बरेली के जयनारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट के छात्र क्षितिज सक्सेना ने प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 600 में से 584 अंक प्राप्त किए हैं। क्षितिज नाना के साथ रहकर पढ़ाई करते हैं। पिता एंबुलेंस में टेक्नीशियन का काम करते हैं।

**यूपी बोर्ड 10वीं के टॉपर**

| रैंक | टॉपर | शहर | नंबर | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रियांशी सोनी | सीतापुर | 590 | 98.33 |
| 2 | कुशाग्र पांडेय | कानपुर देहात | 587 | 97.83 |
| 2 | मिश्कत नूर | अयोध्या | 587 | 97.83 |
| 3 | कृष्णा झा | मथुरा | 586 | 97.67 |
| 3 | अर्पित गंगवार | पीलीभीत | 586 | 97.67 |
| 3 | श्रेयशी सिंह | सुल्तानपुर | 586 | 97.67 |

(पूर्णांक : 600)

## स्क्रूटनी के लिए 19 मई तक कर सकेंगे आवेदन, पांच सौ रुपये प्रति प्रश्नपत्र की दर से लगेगा शुल्क

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा 2023 का परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया गया। स्क्रूटनी के लिए परीक्षार्थी 19 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा 2023 का परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया गया। स्क्रूटनी के लिए परीक्षार्थी 19 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि आवेदन के लिए परीक्षार्थी को पांच सौ रुपये प्रति प्रश्नपत्र की दर से लिखित और प्रयोगात्मक के लिए अलग-अलग शुल्क जमा करना होगा। स्क्रूटनिंग से जुड़ी जानकारी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित विषयों के लिए निर्धारित शुल्क चलान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करेंगे। इसके बाद ऑनलाइन भरे स्क्रूटनी आवेदन के विवरणों को डाउनलोड कर उसके प्रिंट आउट के साथ स्क्रूटनी के लिए शुल्क के मूल चालान पत्र को उसके सत्यापन के लिए संलग्न कर उसे रजिस्टर्ड डाक से परिषद के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को निर्धारित तिथि 19 मई तक भेज दें।क्षेत्रीय कार्यालय मे बिना ऑनलाइन के सीधे, कोरियर या डाक से भेजा गया कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। 19 मई के बाद जमा किए गए चालान के साथ प्रेषित स्क्रूटनी के आवेदन पत्र पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई किया जाना संभव नहीं होगा। इसके लिए संबंधित परीक्षार्थी ही उत्तरदायी होगा।

बोर्ड समेत सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में 28 तक रहेगा अवकाश-यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद बोर्ड मुख्यालय समेत सभी क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज में 26 अप्रैल से 28 मई तक अवकाश होगा। इस संबंध में सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में निर्देश जारी कर दिया गया है। अवकाश दिवसों में परीक्षार्थी और अभिभावक परिषद कार्यालय में संपर्क न करें।

# सपा का निकायों में जीतने पर समाजवादी कैंटीन, किराया स्टोर खोलने का अखिलेश यादव का एलान




सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी निकाय चुनाव के लिए अपील जारी की है और कहा कि प्रदेश के शहरों की समस्याओं के लिए भाजपा जिम्मेदार है क्योंकि बड़े शहरों के नगर निगमों पर भाजपा का कब्जा रहा है।सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने निकाय चुनाव को लेकर मंगलवार को अपील जारी की। उन्होंने निकायों में जीतने पर समाजवादी कैंटीन, किराना स्टोर स्थापित किए जाने, सफाई कर्मियों को विशेष उपकरण मुहैया कराने, पार्कों में योग केंद्र खोलने, शादी और अन्य आयोजन के लिए सामुदायिक केंद्र बनाने का वादा किया है। बेसहारा लोगों के लिए विशेष रैन बसेरा योजना लाएंगे। सपा अध्यक्ष ने लोगों से साफ सुथरी छवि के समाजसेवियों को चुनने की अपील की। उन्होंने नगर निकाय चुनावों के वादों में सेहत, स्वच्छता, सुरक्षा एवं रोजगार पर विशेष फोकस किया है। भाजपा सरकार को स्मार्ट सिटी बनाने के मुद्दे पर फेल बताते हुए उसकी कमियां गिनाई। साथ ही सपा प्राथमिकता भी बताई। उन्होंने सवाल उठाया कि लखनऊ में प्रधानमंत्री ने कूड़े से बिजली बनाने का कारखाना लगाया था, उसका क्या हुआ? पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए क्या किया? उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। स्मार्ट सिटी का जुमला भी खूब उछला, लेकिन हकीकत यह है कि शहरों का दिनोंदिन बुरा हाल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का संकल्प है कि वह सभी क्षेत्रों में विकास करेगी। सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा, स्वास्थ्य में सुधार करेगी। पर्यावरण का ध्यान रखेगी और हरियाली का विस्तार करेगी।

### अपील में भाजपा पर यह लगाए आरोप

- भाजपा ने सत्ता में रहते हुए विकास कार्य अवरुद्ध किए। भ्रष्टाचार से लोग त्रस्त हैं।
- स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में बजट की लूट और बंदरबांट हुई।
- शहरों में वायु प्रदूषण चरम पर बै। भाजपा ने सिर्फ धोखा दिया।
-स्मार्ट सिटी का जुमला उठाला और पहले से लगे पेड़ और बाग उजाड़ दिए।
- सफाई के नाम पर सिर्फ घोटाला हुआ। स्वच्छ पेयजल की जगह मलमूत्र मिला गंदा पानी दिया।
-यातायात व्यवस्था ध्वस्त। कूड़ा निस्तारण नहीं। सड़कें टूटी।
- सैनिटेशन नहीं होने से संक्रामक रोगों की रोकथाम नहीं।
- अन्ना पशुओं, कुत्तों के कारण आम नागरिकों की मौत तक हो रही है।

### सपा आई तो ये काम करेंगे

- सपा ने सौंदर्यीकरण के लिए गोमती रिवरफ्रंट, जनेश्वर मिश्र, लोहिया पार्क, इकाना स्टेडियम आदि का निर्माण कराया।
- सपा नगर स्तर पर अपने क्षेत्र में अच्छा काम करने वालों को नगर भारती सम्मान देगी।
- समाजवादी कैंटीन, किराना स्टोर स्थापित किए जाएंगे।
- सफाई, पेयजल, स्ट्रीटलाइन, स्वास्थ्य शिक्षा व्यवस्था सुधारेंगे।
- व्यापारियों, शिक्षकों कर्मचारियों की समस्याओं पर ध्यान देंगे।
- सफाई कर्मियों को विशेष उपकरण मुहैया कराएंगे।
- पार्कों में योग केंद्र खोलेंगे। शादी और अन्य आयोजन के लिए सामुदायिक केंद्र बनाएंगे।
- बेसहारा लोगों के लिए विशेष रैन बसेरा योजना।
- गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।
- जलभराव खत्म किया जाएगा। अतिक्रमण पर रोक लगेगी।
- बीमारियों से बचाव के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी।

### शहर की समस्या के लिए भाजपा जिम्मेदार

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि शहर की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। ज्यादातर शहरों में लंबे समय से भाजपा के मेयर रहे हैं। ऐसे में इन समस्याओं के लिए भाजपा जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य में भी भाजपा की सरकार है। इसके बाद भी स्मार्ट सिटी के नाम पर कुछ नहीं हुआ। उन्होंने सवाल किया कि कूड़े से बिजली बनाने का कारखाना कहां गया? सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सोची समझी रणनीति के तहत शहरों को तबाह कर रही है। लखनऊ, कानपुर, आगरा और वाराणसी में मेट्रो के नाम पर कुछ नहीं किया। भाजपा के लोग जानवर तक शहर से नहीं हटा पाए हैं। ऐसे में शहर को स्मार्ट बनाने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। वाराणसी को क्योटा शहर क्यों नहीं बना पा रहे हैं।

### हर स्तर पर भाजपा से लड़ने के लिए तैयार

सपा अध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनाव में हर स्तर पर भाजपा से लड़ने के लिए तैयार हैं। जनता साथ है। भ्रष्टाचार के लगातार आरोप लग रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण अयोध्या है। वहां भाजपा को टिकट काटना पड़ा। शाहजहांपुर में सपा उम्मीदवार को दबाव बनाकर अपना प्रत्याशी घोषित करना उनका दिवालियापन है। सपा जल्द ही प्रचार अभियान भी शुरू करेगी।

### मुख्यमंत्री बताएं खुद के कितने मुकदमे वापस लिए

सपा अध्यक्ष अखिलेश ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री बताएं कि उन्होंने खुद पर से कितने मुकदमें वापस लिए। कहीं ऐसे मुकदमे तो नहीं थे, जो दंगे के रहे हों।

अतीक प्रकरण पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह सिस्टम का फेल्योर है। भाजपा के ट्विटर हैंडल से वीडियो जारी होने के सवाल पर कहा कि यह भाजपा शीर्ष नेतृत्व के नजदीकी लोगों ने ट्वीट किया है। वे बुनियादी मुद्दों से जनता का ध्यान हटाना चाहते हैं। जनता उनकी हर साजिश को समझती है।

## संपादकीय Editorial

# Atiq cannot be 'Gandhi'

Not to mention India, Mahatma Gandhi is unmatched, unique even in the whole world. Tying metaphors and analogies in his name is redundant and petty mentality. There are critics of the Father of the Nation Gandhi too, but they too have not been able to establish a synonym for Gandhi. If today politicians like Owaisi, using Gandhi's metaphor for mafia Atiq Ahmed, want to return to the Gandhi-Godse era, terming some murderers as 'Godse's illegitimate children', then it is in any way There is no politics.

It cannot be considered as an ideology. Owaisi knows only this politics, so even today he has not been able to become an accepted leader of Muslims. This is just abuse, which has been the politics of Owaisi. It is a state of irony, misfortune, embarrassment, ridiculous, mental insanity for India that Mafia Ateeq is being declared a 'martyr'.

There is a demand to award him with 'Bharat Ratna'. He is being saluted by laying a 'tricolor' on his grave. Slogans of his 'Amar Rahe' have been raised, with strong expressions. Means Mafia Atiq is still 'alive' in many ways. Ateeq was a convicted criminal by the court. He was a murderer, kidnapper, captor, ransomer, brutal torturer and accused in more than 100 criminal cases. We have had such elements who, after hanging terrorists like Yakub Memon, Afzal Guru, have been beating their chest and shouting slogans 'Afzal we are ashamed, your murderers are alive.'

They call terrorists 'Messiah', ' They have been shedding tears considering Robinhood'. Nothing new. Such madmen are either still afraid of Atiq's terror or are going to grow on his pieces or believe that if they compare with Gandhi, Muslim votes can unite. For which freedom did Atiq fight? He didn't spare even the Muslim brothers. Looted them too.

Someone please explain how Atiq can be 'Gandhi'? Owaisi has been an unbridled leader. He must be shivering because in 2021 Atiq's Begum Shaista Parveen joined his party.

Atiq was also taken to the party through Shaista. Didn't Owaisi know his history and reality? In lieu of that, to argue that most of the MLAs and MPs in BJP are 'criminals' is nothing but sophistry. A thief cannot question why he was not punished by giving the example of another thief? However, these are also holes in our democracy and constitution that a criminal, inhuman face like Atiq also became MP and MLA. On this basis, world's renowned newspapers and news agencies have published news and analysis that Hindu fundamentalists of India got the 'former law-maker' murdered because he was a Muslim. Al Qaeda terrorist organization has even threatened to take revenge from India. The murder of Mafia Atiq and his brother Ashraf was discussed in the Parliament of Bahrain. India has been repeatedly labeled as a 'radical country'. However, India is neither cowed down by such threats nor worried by such mud-slinging.

The shameful and disgusting thing is that the opponents are trying to blame India for the death of the mafia. Misconceptions are being spread. Of course, we also say that Ateeq-Ashraf should not have been killed in public like this, despite being in police custody.

Due to this, the condition of UP's police-force and intelligence system has become questionable. Still, how can Atiq be called 'martyr', 'hero', 'angel'.

# Palak considers herself fortunate to have worked with Salman, said this big thing for the actor



Produced by Salman Khan Films (SKF) and directed by Farhad Samji, "Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan" stars Venkatesh Daggubati, Pooja Hegde, Jagapathi Babu, Bhumika Chawla, Vijender Singh, Abhimanyu Singh, Raghav Juyal, Siddharth Nigam, Shehnaaz Gill, Vinali Bhatnagar and Jassi Gill are also there. Palak Tiwari, daughter of popular TV actress Shweta Tiwari, is in limelight these days because of her film Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan. During a recent interview, she said that even though she feels privileged to be a celebrity kid, she is trying to carve her own path in the world of entertainment. Palak has recently made her debut in Hindi cinema with "Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan". This film of Salman Khan has been released this week (April 21) on the occasion of Eid. She was about to make her debut with this film. During the conversation, she said, "I am not a conventional star kid. Neither am I really a star kid nor am I a common man. It was not that I got many offers. But still I consider myself fortunate. "The 22-year-old actress said that people recognize me, but it is related to my mother's achievement. I am now trying to make my own identity. Palak was supposed to make her debut with Arbaaz Khan's 'Rosie: The Saffron Chapter', but the film didn't materialise. For Salman, he said, "Jo kuch bhi hota hai achhe ke liye hota hai. For whatever reason, 'Rosie' didn't happen, but, I got a great opportunity with a great man (Salman) whose generosity is well known. I don't think there could have been a better debut." The stars have also worked in the film - Venkatesh Daggubati in "Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan", produced by Salman Khan Films (SKF) and directed by Farhad Samji , Pooja Hegde, Jagapathi Babu, Bhumika Chawla, Vijender Singh, Abhimanyu Singh, Raghav Juyal, Siddharth Nigam, Shahnaz Gill, Vinali Bhatnagar and Jassi Gill.The film has received mixed reviews from the audience since its release.

# Still have to wait for 'Dream Girl 2', now not April 7, the film will knock on this day



Due to VFX, the release date of Ayushmann Khurrana and Ananya Panday's film Dream Girl 2 has been pushed forward. The film has got a new release date. Ayushmann Khurrana, who is impressing everyone with his different style, is making headlines these days for his upcoming film 'Dream Girl 2'. Ever since the announcement of this film, the fans are eagerly waiting for it. Where on every special occasion, Pooja of the fans used to come to meet him with short videos and used to go away with renewed enthusiasm. In this sequence, once again Pooja came to give fans a special information about the film, but this information can break the hearts of the fans of 'Dream Girl 2'. Actually, the news is that the release of the film has been pushed forward. According to the announcement made by Ayushmann Khurrana, the fans of 'Dream Girl 2' will have to wait a little longer. The film, which was earlier scheduled to hit the theaters on July 7, has been rescheduled. Along with this, the new release date of the film has also come to the fore, which is 25 August 2023. The delay in the release is reportedly due to the need to work on VFX in the film. VFX work is important for Dream Girl 2 as Ayushmann Khurrana will play both Pooja and Karam in the film. The release date of the film has been postponed as the team is leaving no stone unturned to showcase Ayushmann as Pooja on screen. Ayushmann Khurrana shared a text post on his Instagram handle, which read, 'Mere Priya Ashikoon, four years later your heart's telephone will ring again. Now the preparation for this should also be scrumptious, steamy and smooth, right? So wait a little longer, and keep sending lots of love. Now not together on 7th, on which August 25th we worshipped. Dream Girl 2 will be released in theaters on August 25, 2023 - Aapki Pyaari Pooja. Let us tell you, 'Dream Girl 2' is the sequel to the superhit film 'Dream Girl', which was released in 2019. There is a lot of excitement about the film among the audience as everyone was very impressed with the first film. Along with Ayushmann in the film, this time there are many lead actors like Ananya Panday, Anu Kapoor, Paresh Rawal, Asrani, Manjot Singh and Vijay Raaz.

## These actors of South lost heart on their own co-star, are still supporting each other


Many love stories are seen in the film industry. Often stars remain in the discussion about their affair and marriage. Also, some actors are seen doing films together several times over the years. There are many actors in the South Industry who have done many films together and those actors have also married their co-stars. Let's know about them. Mahesh Babu-Namrata Shirodkar-







Mahesh Babu is the superstar of South. He is one of the finest actors in the industry. He has given many hit films. The actor is married to Namrata Shirodkar. Namrata is also an actress. Apart from Tamil films, he has also worked in Hindi cinema. Both the stars met on the sets of the film Wapsi. After that the love of both of them started and both of them got married. Ajit Kumar-Shalini- Ajit Kumar is a well-known actor



of South. He met Shalini during the shooting of the film Amarkalam. During this, both had fallen in love with each other and the actor married his co-star Shalini. Yash-Radhika- Yash is a well-known artist of the Kannada film industry. Yash's film KGF was a super hit at the box office. After this film, he has emerged as a superstar. He started his career with his wife Radhika. He worked with Radhika in Nanda Gokul and Mogina Masu, after which the love story of both started. After that in the year 2016, the actor married Radhika. The couple has two children. Surya – Jyothika – Both Surya and Jyothika are well-known actors. Both have worked together in many films. They have done many films together like Sillunu Oru Kadal. Both had dated each other for a long time and after that both of them got married in the year 2006 on 11 September. The couple has two children.

# ऐसे परिवार जिनके पास विद्युत संयोजन नही है उनका सर्वे कर विद्युत संयोजन उपलब्ध कराया जायेगा



मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में विद्युत संयोजन निर्गत किए जाने के संबंध में विस्तृत सर्वे कराने हेतु जनपद के इण्टर कालेज, आई0टी0आई0, पॉलीटेक्निक एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यो के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में बताया गया कि बैठक का उद्देश्य जनपद में ऐसे परिवार हैं, जिनके पास विद्युत संयोजन नही है उनका सर्वे कर विद्युत संयोजन उपलब्ध कराना है।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य हेतु सभी प्राचार्यो का सहयोग अपेक्षित है और इस कार्य को एक प्रोजेक्ट के रुप में लेकर चलना है। जनपद में 5 लाख 30 हजार परिवारों के पास विद्युत संयोजन उपलब्ध है। मानक के अनुसार विद्युत संयोजनों की संख्या 6 लाख 10 हजार होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अर्बन एरिया में कॉलिज वार्डवाइज बच्चों को प्रोजेक्ट के आधार पर कार्य करने हेतु लगाएं और बच्चें घर-घर जाकर सर्वे करें। बच्चों को इसके लिए टारगेट दें और उन्हें पहचान पत्र भी जारी किया जाये, ताकि इन लीगल विद्युत संयोजनों को चिन्हित किया जा सकें। इस कार्य हेतु बच्चों को प्रति संयोजन 100 रुपये मानदेय उपलब्ध कराया जायेगा।

जिलाधिकारी ने सभी प्राचार्यो का इस कार्य की सफलता हेतु फीडबैक लेते हुए कहा कि पूरी टीम स्पीड के साथ कार्य करें, विद्युत संयोजन देने में आसानी वरती जाये। डीआइ ओएस, डीसीएनआरएलएम तथा एस0ई0 विद्युत टीम का गठन कर अर्बन क्षेत्र में जागरुकता लाने का कार्य करें। उन्होंने डीसीएन आरएलएम से कहा कि इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह से भी सहयोग लिया जाये।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक, डीसी एनआरएलएम, एस0ई0 विद्युत, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण एवं नगरीय, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा जनपद के इण्टर कालेज, आई0टी0आई0, पॉलीटेक्निक एवं उच्च शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य उपस्थित रहें।

# जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न



मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण एवं मध्यान्ह् भोजन समिति / जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सामुदायिक शौचालयों के रख-रखाव एवं बिजली, पानी की व्यवस्था पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शौचालयों के केयर टेकरों की नियमित मानीटरिंग हो और शौचालय सही समय पर खुले इसको सुनिश्चित करावाया जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि हैण्डपम्पों का रिवोर एवं मरम्मत सही समय से करवा लिया जाये। उन्होंने गौआश्रय एवं अन्त्येष्टि स्थल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बीडीओ ठाकुरद्वारा व बीडीओ बिलारी को खराब प्रगति होने पर कार्यो में सुधार कर तेजी लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पंचायत भवनों में विद्युतीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, ज्वाइंट मजिस्टेऊट हर्षिका सिंह, बीएसए, डीपीओ, डीपीआरओ, समस्त बीडीओ, समस्त एडीओ पंचायत, एबीएसए सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय पोषण समिति तथा बाल विकास की बैठक आयोजित



मुरादाबाद-कलेक्टेऊट सभागार में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय पोषण समिति तथा बाल विकास की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी ब्लाक कोआर्डीनेटरों, सुपरवाइजरों, सीडीपीओ से आधार प्रमाणीकरण को जल्द से जल्द समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने पोषण टैऊकर के तहत टीएचआर के डिश्टीब्यूशन पर ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सीडीपीओ दींगनपुर को मापन प्रणाली में सुधार करने तथा आंगनवाड़ियों को क्रियाशील करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की योजनाओं में गरीब बच्चों को प्राथमिकता स्तर पर लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण नई सोच के साथ कार्य करें तथा कुछ नया करने की कोशिश करें। उन्होंने ई-कवच की प्रगति रिपोर्ट पर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ए0एन0एम0, आशा, आंगनवाडी कार्यकत्रियां आदि का आपसी तालमेल के साथ सहयोग लेकर कार्य करें तथा उन्होंने कहा कि डाटा की फीडिंग पर गम्भीरतापूर्वक ध्यान दिया जाये। बैठक में जिलाधिकारी सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आशा और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के साथ अच्छे से संवाद करें तथा समय-समय पर उनको प्रोत्साहित करते रहें। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाली आंगवाड़ी कार्यकत्री को आगे लाकर प्रोत्साहित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पुराने वित्तीय वर्ष में जो कमियां रह गयी हैं, उन कमियों को इस वित्तीय वर्ष में प्राथमिकता देकर गुणवत्ता के साथ दूर करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित डीपीओ डा0 अनुपमा , डीपी आरओ, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सीडी पीओ, ब्लाक को आर्डिनेटर, सुपरवाइजर सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# दिव्यांग इंतजार करते रहे लेकिन दोपहर बाद, अस्थि रोग चिकित्सक पहुंचे



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- सीएमओ कार्यालय के हर सुबह से दोपहर तक चिकित्सकों के आने का दिव्यांग इंतजार करते रहे लेकिन दोपहर में अस्थि रोग चिकित्सक पहुंचे, जिनको सीएमओ डॉ. उमेश चंद्र त्रिपाठी ने जल्दी पहुंचने के निर्देश दिए। उसके बाद दिव्यांग बोर्ड ने सोमवार को 14 प्रमाण पत्र जारी किये हैं। दिव्यांग बोर्ड अध्यक्ष एसीएमओ डॉ. राममोहन तिवारी ने बताया कि दिव्यांगों ने 39 आवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें हडडी के 23, फिजीशियन के पांच, ईएनटी के सात और आंखों के चार आवेदन पत्र आए, जिसमें से हडडी के आठ, ईएनटी के दो,
फिजीशियन का एक और आंख वाले चार प्रमाण पत्र बनाए गए है। इसे अलावा छह आवेदन पत्र खामियां मिलने निरस्त किए गए हैं। जबकि 19 दिव्यांगों को मानसिक जांच, नेत्र, ईएनटी जांच को बाहर रेफर किया गया है। दिव्यांग बोर्ड के समय पहुंचे सीएमओ ने दिव्यांगों से जानकारी की। दिव्यांगों ने सीएमओ को बताया कि तीन से चार बार आने के बाद भी उनके प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं,

जिस पर सीमएओ ने हड्डी चिकित्सक से जल्दी आने को कहा। साथ ही बोर्ड अध्यक्ष एवं एसीएमओ से कईबार आने वाले दिव्यांगों के प्रमाण पत्र की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। दिव्यांगों को पेयजल के लिए लगेगा वॉटर कूलर दिव्यांगों से मिलने पहुंचे सीएमओ ने पेयजल व्यवस्था के लिए वॉटर कूलर जल्द लगवाने के निर्देश दिए हैं।

# राजश्री कालेज में शिक्षण प्रशिक्षण गुणवत्ता प्रदर्शनी का आयोजन



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।राजश्री टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट एवं शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षण प्रशिक्षण गुणवत्ता के लिए प्रशिक्षुओं द्वारा शिक्षण अधिगम सामग्री आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार अग्रवाल ने फीता काटकर किया। संस्थान के चेयरमैन ने प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार मॉडल्स को शिक्षण-प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन को रूचिकर बनाने एवं संकल्पनाओं की समझ को विकसित करने के लिए वेहद महत्वपूर्ण बताया।

प्रदर्शनी में इंस्टीट्यूट के छात्रों की 28 टीमों द्वारा 100 से अधिक उपयोगी मॉडल्स व पोस्टर्स में ए.टी.एम. आधारित बैकिंग प्रणाली, विद्युत उत्पादन, सौर मण्डल, ज्वालामुखी, मानव शरीर तंत्र, अक्षर ज्ञान, संख्या पद्धति, सौर ऊर्जा संयंत्र इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। निर्णायक मण्डल में डा सी.पी. गंगवार, डा. स्वतंत्र गुप्ता व डा. सुचेता सिंह द्वारा प्रथम स्थान पर प्रज्ञा ग्रुप द्वारा निर्मित ग्रीन हाउस इफेक्ट, द्वितीय स्थान पर स्वाति ग्रुप द्वारा बैलेंस शीट एवं शहरीन ग्रुप द्वारा ज्वालामुखी, तृतीय स्थान पर मनु ग्रुप द्वारा ऊर्जा स्त्रोत आधारित मॉडल को घोषित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों में निदेशक शैक्षणिक डा? अनिल कुमार, अधिष्ठाता शैक्षणिक डा? साकेत अग्रवाल, निदेशक (शोध एवं विकास) डा? पंकज कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार दुष्यन्त माहेश्वरी, प्राचार्य संजय सिंह, प्रेमपाल सिंह, अभिषेक भटनागर, सुरभि यादव, अनुराधा यादव, संध्या देवी, प्रिया तिक्खा आदि रहे।

# अंगूठा लगवाकर जनसेवा केन्द्र संचालक कई ग्राहकों के लाखों रूपये लेकर भागा

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अंगूठा लगवाकर जनसेवा केन्द्र संचालक कई ग्राहकों के लाखों रूपये लेकर भाग गया। जानकारी होने के बाद ग्राहकों के होश उड़ गए। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मारहरा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना मारहरा के गांव खकरई निवासी कमल सिंह पिदौरा अड्डा पर जनसेवा केन्द्र चलाता है और एसबीआई बैंक से भी जुड़ा हुआ है। ग्राहक इसी के केन्द्र पर रूपये जमा करने एवं निकालने आते हैं। आरोप है कि आरोपी ने कई ग्राहकों का धोखाधड़ी कर रूपया निकाल लिया है। लाखों रूपये लेकर भाग गया है। जानकारी होने के बाद ग्राहकों के होश उड़ गए और रविवार को थाना मारहरा पहुंचकर शिकायत की है। एक शिकायत पीड़िता सुनीता देवी निवासी सराय जरेलिया ने की है। इसमें बताया है कि जनसेवा केन्द्र संचालक आरोपी कमल सिंह ने धोखाधड़ी कर बीस हजार रूपये अंगूठा लगवाकर निकाल लिए इसके साथ ही 52हजार रूपये जमा करने के लिए दिए थे उन्हें भी लेकर भाग गया है। एक पीड़िता के 62 हजार रूपये लेकर भागा, दर्ज कराई रिपोर्ट मारहरा में पिदौरा अड्डा पर चला रहा था जनसेवा केन्द्र बैलेंस चेक कराने के नाम पर लगवाता था अंगूठा एटा। ग्राहक बैंक चैक कराने के लिए आते थे। आरोपी अंगूठा लगवा लेता था और बैंलेस बताकर चलता करता था और खुद बाद में रूपये निकाल लेता था। कईर ग्राहकों के साथ ऐसा ही किया है। दस से अधिक शिकायतें आ चुकी हैं। वर्षो से जनसेवा केन्द्र चला रहा था। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।- सतपाल सिंह, एसओ मारहरा एटा।

# मिठाई न खिला पाने पर पीटा मां-पत्नी के सामने जान दी

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- गेहूं की गहाई कराने के बाद मिठाई मांगी। रुपये न होने पर अगले दिन मिठाई खिलाने की बात कही। इस पर आरोपियों ने उसे पीट दिया। इससे आहत युवक ने पत्नी और मां के सामने ही फांसी लगाकर जान दे दी। मां ने तीन पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली अलीगंज के गांव मिहुता निवासी मोरकली ने दर्ज करायी रिपोर्ट में बताया कि रविवार रात को बेटा राजू (22)साथी टिंकू, धीर सिंह, श्यामबाबू, विमल, भूरे संग मिलकर गेंहू को थ्रेसर से निकलवाने गया था। इसी दौरान आरोपी टिंकू निवासी मिहुता ने राजू से सोनपपड़ी खिलाने को कहा। उसने कहा कि एक दिन पहले मैंने खिलवाई थी अब राजू तुम्हारी बारी है। राजू ने रुपये न होने की बात कही। इसी बात पर आरोपी टिंकू, भाई कन्हैया पिता अमरदयाल ने राजू की पिटाई कर दी। पिटाई से आहत होकर राजू खेत से भाग गया। पत्नी जूली और मां ने भी पीछा किया। राजू पेड़ पर चढ़ गया और पेड़ पर चढ़कर बनियान से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सीओ अलीगंज सुधांशु शेखर ने बताया कि मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# गड़ी फाजिल और ससराली में विधायक हरदीप सिंह मुंडिया की ओर से रेत की नई जनतक साइट का किया गया उद्घाटन

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना /साहनेवाल - यहां आम आदमी पार्टी के विधायक हरदीप सिंह मुंडिया की ओर से गड़ी फाजिल और ससराली में रेत की पब्लिक साइट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एसडीओ माइनिंग विभाग मनप्रीत सिंह भी उपस्थित रहे, इन दोनों ही साइटों को क्षेत्र के विधायक हरदीप सिंह मुंडिया की ओर से लोकार्पण किया गया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने वादा किया था कि पंजाब के लोगो को सस्ती कीमतों पर रेत मुहैया करवाई जाएगी और इसके तहत 5 रुपये 50 पैसे प्रति स्क्वायर फीट के हिसाब से लोगों को रेत मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य से इलाके की लेबर में भी खुशी की लहर है, क्योंकि उनको काम करने के लिए मौका मिल रहा है, इससे उनके घरों के चूल्हे भी जल रहे हैं। साहनेवाल के विधायक हरदीप सिंह मुंडिया ने कहा कि अब लुधियाना के साहनेवाल क्षेत्र में कुल 3 सरकारी रेट की पब्लिक साइट चल रही हैं, जिनसे लोगों को सस्ती कीमत पर रेत हासिल हो रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने लोगों से जो भी वादे किए थे वह सब पूरे किए जा रहे हैं, उन्होंने विरोधी पार्टियों के नेताओं को भी कड़ा जवाब देते हुए कहा कि जो अन्य पार्टी के नेता शोर मचा रहे थे, आज उनकी बोलती बंद हो गई है, क्योंकि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब के लोगों से जो वादे किए थे वह सभी पूरे किए जा रहे हैं। इसी के तहत ही पंजाब भर में रेत की जनतक साइट खोली जा रही है ताकि लोगों को अपने आशियाने बनाने के लिए मुश्किल है ना आए। उन्होंने कहा कि इसके साथ लेबर भी खुश है, 5 रुपये 50 पैसे मैं आम जनता को रेत उपलब्ध करवाई जा रही है, उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की ओर से यह दावे किए जा रहे थे, लेकिन जमीनी स्तर पर उनको पूरा नहीं कर पाए, पर आम आदमी पार्टी की सरकार ने इसको पूरा कर दिखाया है। इस उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र साहनेवाल के विधायक हरदीप सिंह मुंडिया के इलावा प्रशासनिक अफसर भी शामिल रहे जिनमें एसडीओ माइनिंग मनप्रीत सिंह विशेष तौर पर उपस्थित थे इसके इलावा ब्लॉक अध्यक्ष तेजिंदर सिंह मिट्ठू, कुलदीप ऐरी, हरदेव सिंह सोढ़ी, सिमरन सैनी, जग्गू भट्ट, बब्बू मुंडियां और अन्य साथी और वर्कर भी मौजूद रहे।

# ऐतिहासकि गुरुद्वारा कोतवाली साहिब मोरिंडा में गुरु ग्रंथ साहिब जी की गई बेअदबी की साजिश के पीछे कोन लोग है की जांच हो-गरचा

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना -शिरोमणी अकाली दल के उपाध्यक्ष सुखविंदरपाल सिंह गरचा ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा कोतवाली मोरिंडा में एक व्यक्ति द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहब जी कर गई बेअदबी की घटना की कड़ी निंदा की है। गरचा ने कहा कि सिक्ख के वेश में एक व्यक्ति द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी की घटना से पता चलता है

कि कहीं न कहीं कुछ शरारती तत्व सिक्खों की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अनादर कर रहे हैं वह पंजाब का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। सख्त कानून बनना चाहिए ताकि कोई भी अनादर करने की बात न सोच सके। उन्होंने कहा कि इस घटना से पूरे सिख समुदाय का दिल हिल गया है, साथ ही उन्होंने सिख समुदाय से संयम बरतने और अपने गुरु घरों की सुरक्षा पर अधिक से अधिक ध्यान देने की अपील की। अकाली नेता सुखविंदरपाल सिंह गरचा कहा कि गुरु घरों में प्रचारकों की संख्या बढ़ाई जाए और सख्ती बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना न हो।

# मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बैठक

अरविन्द कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को फ्री एण्ड फेयर ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक अनुभव सिंह की उपस्थिति में मतदान कार्मिक के रूप में ड्यूटी पर तैनात किये गये पीठासीन अधिकारी/प्रथम मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण विकास भवन स्थित डी0पी0आर0सी0 सेंटर में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण में आये समस्त कार्मिकों को प्रशिक्षण से सम्बन्धित जानकारी दी। उन्होने कहा कि नामांकन से लेकर प्रतीक आवंटन तक की सभी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इसलिए मतदान प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि मतदान को सम्पन्न कराने के लिए पंचसूत्र-निष्पक्षता, कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता, सुचिता एवं समयबद्धता का पालन किया जाए। मतदान के दिन पीठासीन अधिकारियों का दायित्व अहम होता है। इसलिए सभी सम्बन्धित अधिकारीगण अपने दायित्वों का बाखूबी निर्वहन कर मतदान को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करायें। उन्होने कहा कि पीठासीन अधिकारी पोलिंग स्टेशन के ओवरऑल इंचार्ज है, वह सभी मतदान दल के सदस्यों के मोबाइल नम्बर प्राप्त कर लेंगे। सभी मतदान कार्मिकों के कार्यों का पर्यवेक्षण व अनुश्रवण करेंगे तथा मतदान स्थल पर बैठने एवं मतपेटिका/मतपेटिकाओं के रख-रखाव तथा मतदान कक्ष के अन्दर भीड़ को व्यवस्थित करेंगे। मतदान प्रारम्भ होने के कम से कम 15 मिनट पूर्व मतपेटी की तैयारी शुरू कर दें। मतपत्र जारी करने से पूर्व प्रत्येक मतपत्र के पृष्ठ भाग पर अपने पूरे नाम के हस्ताक्षर करने हैं किन्तु मतपत्र के प्रतिपर्ण (काउण्टर फाइल) पर हस्ताक्षर न करें। मतदान कार्य समय से प्रारम्भ हेतु कुछ मतपत्रों पर पहले से हस्ताक्षर किये जा सकते है। प्रत्येक मतपत्र के पृष्ठ भाग तथा उसके प्रतिपर्ण पर अपने मतदान स्थल की सुभेदक चिन्ह वाली मुहर लगाकर उसका कोड/संख्या अंकित करें, जो इस कार्य हेतु दी गयी है। मतदाता की पहचान होने के बाद मतदान अधिकारी द्वितीय द्वारा मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही का चिन्ह पहले से तो नहीं लगा है एवं अमिट स्याही सही तरह से लगायी जा रही है या नहीं इस पर निगाह रखेंगे। मतदान प्रारम्भ करने के पूर्व मतदान हेतु मतपेटिका तैयार करते समय अभिकर्ताओं के समक्ष मतपेटिका खाली है, दर्शाया जायेगा तथा मतपेटी के अन्दर दिये गये टैग को भर कर रखें। मतपेटी के बाहर का टैग, मतपेटी की कम संख्या तथा प्रयुक्त मतपेटियों की संख्या दर्शित की जायेगी।

यदि कोई मतदाता चेतावनी दिये जाने के बाद भी मतदान करते समय मतदान की गोपनीयता का उल्लंघन करता है तो उससे मतपत्र वापस लेकर अपनी टिप्पणी अंकित करते हुये उस मतपत्र को रद्द कर देंगे। यदि मतदान स्थल पर कोई घटना घटित होती है तो उसे पीठासीन अधिकारी को अपनी डायरी (प्रारूप-33) में तथ्यों सहित उल्लेख करना होगा। मतदान की समाप्ति पर मतपत्र लेखा (प्रारूप-30) पर तैयार करना होगा। पत्र मुद्रा पर पोलिंग एजेण्ट के हस्ताक्षर करागं एवं सफेद सतह पर अपने हस्ताक्षर करें। मतदान समाप्ति के बाद मतपेटिकाओं के विधिवत सील कर उन्हें सुरक्षित रखेंगे। मतदान की गोपनीयता प्रत्येक स्थिति में बनाये रखेंगे। पीठासीन अधिकारी, पीठासीन डायरी को समय से भरने एवं उसके रख-रखाव तथा उसे निर्दिष्ट स्थान पर जमा करने के लिए उत्तरदायी होगें। मतपेटी, समस्त प्रपत्रों/कागजातों को निर्धारित लिफाफों में रखकर संग्रह केन्द्र पर जमा करना होगा।

# अधिवक्ता संघ इकौना के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- तहसील इकौना अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह सभागार इकौना में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रावस्ती विधायक पंडित राम फेरन पांडेय विशिष्ट अतिथि देवर्षि देव कुमार न्यायाधीश ग्राम न्यायालय इकौना मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता ओम पूर्व अध्यक्ष दिलीप कुमार शर्मा ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

तहसील इकौना के नव निर्वाचित अध्यक्ष बंशराज शुक्ला को मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पंडित राम फेरन पांडेय ने शपथ दिलाई वहीं नव निर्वाचित महामंत्री संजय सिंह को न्यायाधिकरी देवर्षि देव कुमार ने गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा कोषाध्यक्ष हसमत हुसैन खान को एल्डर कमेटी के अध्यक्ष बृजेंद्र बहादुर श्रीवास्तव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई इसी प्रकार अन्य सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई मुख्य अतिथि ने कहा कि अधिवक्ता समाज का महत्व पूर्ण अंग है यह बुद्धि जीवियों का समाज जो दिन रात मेहनत करके इकौना तहसील क्षेत्र के वादकारियों के मुकदमों को निस्तारित कराते हैं इस मौके पर विशिष्ट अतिथि एसडीएम रोहित यादव तहसीलदार पंकज राय नायब तहसीलदार राघवेंद्र पांडे एल्डर कमेटी के अध्यक्ष बृजेंद्र बहादुर श्रीवास्तव भिनगा बार के अध्यक्ष ओमप्रकाश शुक्ला राजकीय ठेकेदार मिथिलेश शुक्ला शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष विनय कुमार पांडे अजीत तिवारी कमल तिवारी जिला शासकीय अधिवक्ता दिनेश कुमार पांडेय,श्रवण कुमार द्विवेदी इस मौके पर विधायक ने कहा कि अधिवक्ता के बार सभागार में 6 एसी लगवाने के लिए कहा। इस मौके पर अधिवक्ता पी पी मिश्रा राम कुमार शुक्ला ,भानु प्रताप सिंह ,हुकुमचंद त्रिपाठी, पुष्कर पाठक, हसमत हुसैन खान ,राम कुमार यादव ,सुधीर पटवा ,ज्ञान प्रकाश वर्मा ,गौरव शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# वार्ड नंबर 62 के भाजपा प्रत्याशी पंडित छोटे लाल शर्मा का पूरा जलवा है- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने वार्ड नंबर 62 में भाजपा प्रत्याशी छोटे लाल शर्मा जी के साथ नगला माली में जनसंपर्क किया पंडित छोटे लाल शर्मा को जताए जाने की मांग की भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने मोदी जी योगी जी के नाम पर वोट मांगे उन्होंने यह भी कहा है कि जनता को जो भी योजनाएं सरकार से मिल रही हैं उनका पूरा लाभ जनता को मिल रहा है छोटे लाल शर्मा को जिताने का पूरी तरह से जनता ने जिताने का संकल्प लिया है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने दावा किया है कि अलीगढ़ नगर निगम के सभी पार्षद मेयर नगर पंचायत अध्यक्ष सभी सीटों पर भारी मतों से प्रत्याशी जीत रहे हैं सरकार की दी गई योजनाओं को जनता को बताया जा रहा है जनता को उसका लाभ भी मिल रहा है भाग नंबर 62 में पंडित छोटे लाल शर्मा का जलवा दिखाई दे रहा है

# मारहरा की शालवीसिंह ने इंटर में यूपी टॉप- 5 में पाया स्थान



योगेश मुदगल
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-प्रति बर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बा मारहरा का यूपी बोर्ड परीक्षा में दबदबा रहा है। कस्बा के रानी अवंती बाई इंटर कालेज की छात्रा शालवीसिंह ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 96.60 फीसद अंकों के साथ यूपी टॉप- 5 में स्थान प्राप्त कर मारहरा ही नहीं, बल्कि जनपद का भी नाम गौरान्वित किया है। शालवीसिंह ने बताया, कि उन्होने कालेज और कोचिंग के अलावा नियमित रूप से घर पर भी 4 से 5 घंटे पढाई की। परीक्षा के दिनों में उन्होने हर विषय को समयसारिणी बनाकर तैयारी की। शालवीसिंह ने बताया, कि भविष्य में वह प्रोफेसर बनकर शिक्षा के क्षेत्र में सेवा करना चाहतीं हैं। बताते चलें कि शालवी के पिता और माता दोनों ही सरकारी शिक्षक हैं। इसके अलावा उनकी ननिहाल में भी अधिकांश रिश्तेदार शिक्षक हैं।

# मेस्मेरिक मिस मिसेज एंड मिस्टर इंडिया 2023 सौंदर्य प्रतियोगिता का शानदार समापन

क्यूँ न लिखूँ सच



मेस्मेरिक मिस मिसेज एंड मिस्टर इंडिया 2023 (सीज़न ढ्ढ) में लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर भी शामिल 7 (नवी मुंबई) %मेस्मेरिक मिस मिसेज एंड मिस्टर इंडिया 2023% (सीजन ढ्ढ) सौंदर्य प्रतियोगिता एनसीआरडी के स्टर्लिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, नेरुल में भव्य धूमधाम से आयोजित की गई थी। मशहूर बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने %मेस्मेरिक मिस मिसेज एंड मिस्टर इंडिया 2023% (सीजन ढ्ढ) में शिरकत की। ब्यूटी पेजेंट का आयोजन गुरमीत गारहा के ग्रूमिंग स्कूल द्वारा वायलेट स्टूडियो के सहयोग से किया गया था। यह मिस, मिसेज (प्रीमियम और क्लासिक) और मिस्टर कैटेगरी में आयोजित किया गया था।

ग्रूमिंग विशेषज्ञ गुरमीत गाराहा द्वारा प्रशिक्षित प्रतियोगियों ने अपनी खूबसूरती और बुद्धिमत्ता से फिनाले में मौजूद सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। आयोजक और ग्रूमिंग विशेषज्ञ गुरमीत गारहा ने कहा, फ्हमारी पूरी टीम और सभी प्रतियोगियों ने %मेस्मेरिक मिस मिसेज एंड मिस्टर इंडिया 2023% (सीजन ढ्ढ) की सफलता के लिए कड़ी मेहनत की है। सौंदर्य प्रतियोगिताएं आपकी प्रतिभा और आत्मविश्वास दिखाने के लिए एक बेहतरीन मंच हैं। इस समय डॉ. संजीव कुमार, अशोक मेहरा, चंद्रानी दास, मोनाली जगताप और गीता नागराज ने %जज% की भूमिका बखूबी निभाई। सिया गढ़ा (कोर टीम-चेयरपर्सन), पहलदीप गढ़ा (क्रिएटिव डायरेक्टर), दिनेश राजपुरोहित (शो-डायरेक्टर), ढ्ढढ्ढष्ठञ्ज खारघर के-डिजाइनर, कुसुम गुप्ता, दिव्या जैन, कामखो डिजाइनर को %मेस्मेरिक मिस मिसेज एंड मिस्टर इंडिया 2023% बनाने के लिए सौंदर्य प्रतियोगिता सफल रही। स्टूडियो, मंदार तांडेल (फैशन स्टाइलिस्ट), डिजाइनर एसडी फैशन और एंकर ऋषिकेश मिराजकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। %मेस्मेरिक मिस मिसेज एंड मिस्टर इंडिया 2023% ब्यूटी पेजेंट में ड्रीम्ज मेकर्स की सौम्या सिंह और संस्थापक इमोडा और एआईएफए, विकेश सिंह फाउंडर वायलेट स्टूडियो, डॉ. प्रशांत गुंडावर निदेशक एनसीआरडी स्टर्लिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, कीर्ति कुमार संस्थापक वन गुड इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड आदि उपस्थित थे। %मेस्मेरिक मिस मिसेज एंड मिस्टर इंडिया 2023% सौंदर्य प्रतियोगिता के विजेता 7 मिसेस श्रेणी (क्लासिक) विजेता- शोभा रामी। प्रथम उपविजेता - सतनाम सभरवाल। दूसरी उपविजेता- निरुपमा भाटिया। मिसेस श्रेणी (प्रीमियम) विजेता- अरुणा बख्शी। प्रथम उपविजेता - मेघल शाह। दूसरी उपविजेता - नेहा नरसियान। मिस श्रेणी विजेता - उन्ती साल्वी प्रथम उपविजेता - यासमीन खान। द्वितीय उपविजेता - लगन ढाल। मिस्टर श्रेणी विजेता- जितेश नायक फर्स्ट रनर अप - तरुण डागर दूसरा उपविजेता - ऋषभ जाधव।